# दिनांक 15.01.2025 को जिला पदाधिकारी, रोहतास की अध्यक्षता में परिवार नियोजन कार्यक्रम के तहत Famly Planning Indemnity Scheme (Sub-Committee) के बैठक की कार्यवाही।

उपस्थिति – अलग से संधारित।

सर्वप्रथम जिला पदाधिकारी, रोहतास के द्वारा बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों का अभिवादन किया गया। सिविल सर्जन–सह–सदस्य सचिव, जिला स्वास्थ्य समिति, रोहतास के द्वारा उपस्थित सभी सदस्यों को बताया गया कि परिवार नियोजन ऑपरेशन के लाभार्थियों, असफल, जटिलता अथवा मृत्यु हाने पर मुआवजा देने का प्रावधान है।

जिला अन्तर्गत परिवार नियोजन से संबंधित मुआववजा की राशि भुगतान हेतु वर्तमान में कोई नया आवेदन कार्यालय को प्राप्त नहीं हुआ है, जबकि मृत्यु के मुआवजे सबंधी एक आवेदन जो सुनीता देवी से संबंधित है, पूर्व से लंबित है।

दिनांक 29.08.2022 को आयोजित Family Planning Indemnity Scheme (Sub Committee) के बैठक में निर्णय लिया गया था कि सुनिता देवी, पति–राजकुमार सिंह, ग्राम–डुमरिया, जयपुर प्रखण्ड–सासाराम, रोहतास की मृत्यु के संबंध में स्पष्ट मंतव्य के साथ समिति के समक्ष अगले बैठक में प्रस्तुत किया जाए। तदआलोक में इस कार्यालय के पत्रांक–1335 दिनांक–07.10.2022 के द्वारा कार्यकारी अधीक्षक, सदर अस्पताल सासाराम से सुनिता देवी के मृत्यु के संबंध में स्पष्ट प्रतिवेदन की मांग की गई थी। उनके कार्यालय पत्रांक–581 दिनांक–27.03.2023 के द्वारा प्राप्त प्रतिवेदन में यह प्रतिवेदित किया गया है कि सुनिता देवी, पति–राजकुमार सिंह, ग्राम–डुमरिया, जयपुर प्रखण्ड–सासाराम की मृत्यु परिवार नियोजन ऑपरेशन से संबंधित हुई थी।

अतः समिति के द्वारा सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि सुनिता देवी पति–श्री राजकुमार सिंह, ग्राम–डुमरिया, जयपुर, प्रखण्ड–सासाराम, जिला–रोहतास के परिवार नियोजन ऑपरेशन के उपरान्त मृत्यु होने पर मुआवजे की राशि का भुगतान किया जा सकता है, जिसका विवरण निम्नवत है :–

| क्रसं0 | लाभार्थी का नाम | पति का नाम एवं पता | ऑपरेशन की तिथि | मृत्यु / असफल / जटिलता | ऑपरेशन किये स्वास्थ्य संस्थान का नाम |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सुनिता देवी | राज कुमार सिंह, ग्राम–डुमरिया, जयपुर, प्रखण्ड–सासाराम, जिला–रोहतास | 23.03.2022 | मृत्यु | सदर अस्पताल सासाराम |

उक्त निर्णय के उपरान्त सधन्यवाद बैठक की कारवाई समाप्त की गई।

15/1/2025 15/01/25

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| डा0 नीतू कुमारी<br>स्त्री रोग विषेशज्ञ<br>सदर अस्पताल<br>सासाराम | डा0 शशिकान्त प्रभाकर<br>चिकित्सा पदाधिकारी<br>सदर अस्पताल<br>सासाराम | डा0 अशोक कु0 सिंह<br>अपर मुख्य चिकित्सा<br>पदाधिकारी, रोहतास | डा0 मणिराज रंजन<br>सिविल सर्जन<br>रोहतास | श्रीमती उदिता सिंह<br>जिला पदाधिकारी<br>रोहतास |

ज्ञापांक....127....दिनांक....28/1/25....

प्रतिलिपि :– राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी, परिवार नियोजन, राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि – क्षेत्रीय अपर निदेशक, स्वास्थ्य सेवाएं, पटना प्रमण्डल पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि – कार्यपालक निदेशक, राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार पटना को सादर सूचनार्थ प्रेषित।

सिविल सर्जन–सह–सदस्य सचिव
जिला स्वास्थ्य समिति
रोहतास, सासाराम

27/1/25
जिला पदाधिकारी–सह–अध्यक्ष
जिला पदाधिकारी
रोहतास, सासाराम